# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से

इंदौर 65 वां वर्ष संस्करण




5 सत्यनिष्ठा से बनेंगी मजबूत सिविल सेवाएं



6 सभी के लिए बीमा सुरक्षा का लक्ष्य



7 रोबोटिक सर्जरी शोध की नई पहल शुरू



8 श्रीलंका को हराकर भारत अंडर19 एशिया कप के फाइनल में

## एक नजर में



### पीएम मोदी का दो दिनी असम दौरा आज से

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को असम की दो दिन की यात्रा पर जाएंगे, जहां वह 15 हजार 600 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे. प्रधानमंत्री शनिवार अपरान्ह तीन बजे गुवाहाटी पहुंचेंगे, जहां वह लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन करेंगे. इस अवसर पर वह एक सभा को संबोधित भी करेंगे. रविवार सुबह प्रधानमंत्री गुवाहाटी के बोरागांव में शहीद स्मारक क्षेत्र में शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे. इसके बाद वह असम के डिब्रूगढ़ में नामरूप जाएंगे और वह असम वैली फर्टिलाइजर एंड केमिकल कंपनी लिमिटेड की अमोनिया-यूरिया परियोजना का भूमि पूजन करेंगे. इस अवसर पर वह सभा को भी संबोधित भी करेंगे.

### सुप्रीम कोर्ट में 22 दिसंबर से विंटर वेकेशन

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट में 22 दिसंबर से 2 जनवरी तक विंटर वेकेशन घोषित किया गया है. इस संबंध में मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने स्पष्ट किया है कि अवकाश के दौरान भी जरूरी और अत्यावश्यक मामलों की सुनवाई संभव होगी. यह व्यवस्था न्यायिक कामकाज में संतुलन बनाए रखने और नागरिकों को राहत देने के उद्देश्य से की गई है. हर साल सर्दियों के दौरान सुप्रीम कोर्ट में सीमित कार्य दिवस रहते हैं, लेकिन इस दौरान संवैधानिक, आपात और अत्यंत आवश्यक मामलों को प्राथमिकता दी जाती है. सीजेआई सूर्यकांत के अनुसार, जरूरत पड़ने पर विशेष बेंच का गठन कर सुनवाई की जा सकती है, ताकि न्यायिक प्रक्रिया बाधित न हो.

### बीजापुर में मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

**बीजापुर.** जिले के थाना भैरमगढ़ अंतर्गत इन्द्रावती क्षेत्र के घने जंगल-पहाड़ी इलाकों में शुक्रवार को पुलिस और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया. माओवादियों की मौजूदगी की पुख्ता जानकारी के आधार पर जिला बीजापुर से डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) की टीम ने तलाशी अभियान प्रारंभ किया था. अभियान के दौरान शुक्रवार सुबह से डीआरजी जवानों और माओवादियों के बीच रुक-रुक कर गोलीबारी होने की जानकारी पुलिस के द्वारा आधिकारिक तौर पर दी गई है. पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह मुठभेड़ दुर्गम और घने जंगल क्षेत्र में चल रही है, जहां सुरक्षा बल अत्यधिक सतर्कता के साथ अभियान को अंजाम दे रहे हैं.

## गुस्ताखी माफ




# 'ऑरेंज' को ग्रीन सिग्नल आज

## भोपाल में मेट्रो की आज होगी शुरूआत, कल से कमर्शियल रन

**केंद्रीय मंत्री खट्टर, सीएम डॉ. मोहन यादव और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय दिखाएंगे हरी झंडी**

**भोपाल, 19 दिसंबर. राजधानी में शनिवार को अत्याधुनिक मेट्रो रेल सेवा का उद्घाटन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर करेंगे. इसके बाद शाम को कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेन्टर में आयोजित शुभारंभ कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केन्द्रीय मंत्री खट्टर सुभाषनगर मेट्रो स्टेशन पर हरी झंडी दिखाकर मेट्रो को रवाना करेंगे.**

मुख्यमंत्री और केन्द्रीय मंत्री मेट्रो में सवारी भी करेंगे. दोनों एम्स स्टेशन पहुंचकर प्रेस को संबोधित करेंगे. इस मौके पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी मौजूद रहेंगे. इसके बाद रविवार से



कमर्शियल रन प्रारंभ होगा और आमजन मेट्रो का लुत्फ उठा सकेंगे.

मेट्रो के रूप में भोपाल को एक और गौरव प्राप्त हो रहा है. भोपाल मेट्रो अत्याधुनिक रेल सेवा है. भोपाल मेट्रो 30.8 किलोमीटर लंबी परियोजना भोपाल के शहरी क्षेत्र को आसान, तेज और पर्यावरण के अनुकूल बनाएगी. परियोजना में दो कॉरिडोर लाइन और एक डिपो शामिल है. भोपाल मेट्रो की ऑरेंज लाइन 16.74 किलोमीटर और ब्लू लाइन 14.16 किलोमीटर की है.

यह परियोजना शहर के प्रमुख व्यावसायिक और आवासीय क्षेत्रों को जोड़ते हुए यातायात के दवाब को कम करेगी और नागरिकों के जीवन स्तर को उन्नत बनाएगी. भोपाल मेट्रो आधुनिक परिवहन प्रणाली के साथ ही शहर की प्रगति का प्रतीक के रूप में भी देखी जा रही है.

### मेट्रो की विशेषताएं

- सुविधाजनक यात्रा के लिए सभी स्टेशनों पर हाई-स्पीड लिफ्ट और एस्केलेटर.
- दिव्यांगजन के लिए सुगम प्रवेश, व्हील चेयर सुविधा, ब्रेल साइनेज
- उच्च स्तर की सुरक्षा : एआई आधारित सीसीटीवी निगरानी, प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर और ग्रेड-4 सिग्निलिंग सिस्टम.
- पर्यावरण अनुकूल : रीजेनेरेटिव ब्रेकिंग से ऊर्जा उत्पादन और सोलर पावर का उपयोग.
- आरामदायक कोच : पूर्णतः एसी, आरामदायक सीटिंग और मोबाइल चार्जिंग प्वॉइंट.
- स्मार्ट तकनीक : ऑडियो-विजुअल यात्री सूचना प्रणाली और हाई-टेक ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर.




**नई दिल्ली, 19 दिसंबर.** संसद सत्र स्थगन के बाद लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने सांसदों को चाय के लिए आमंत्रित किया. इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री राजनाथ सिंह, प्रियंका गांधी, चिराग पासवान, कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल भी मौजूद थे.

# 'वीबी रामजी' बिल राज्यसभा से पास

- कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित
- संसद का शीतकालीन सत्र समाप्त

**नई दिल्ली, 19 दिसंबर. संसद का शीतकालीन सत्र शुक्रवार को समाप्त हो गया है. राज्यसभा और लोकसभा दोनों सदनों में इस सत्र में हंगामे के बीच भी बेहतर चर्चा रही. इस सत्र का सबसे गंभीर मुद्दा जी राम जी विधेयक बना, जो कि राज्यसभा और लोकसभा दोनों सदनों से पास हो गया.**

राज्यसभा और लोकसभा दोनों सदनों को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है. अब अगला सत्र 2026 में बजट सेशन के साथ शुरू होगा. लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने 18वीं लोकसभा के शीतकालीन सत्र के खत्म होने की घोषणा की राज्यसभा का 269वां सत्र शुक्रवार को अध्यक्ष और उपाध्यक्ष सीपी राधाकृष्णन द्वारा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया है.

**लोकसभा में आठ विधेयक पारित किए पारित:** अठारहवीं लोकसभा का छठे सत्र में आठ विधेयक पारित किए गए और इस दौरान सदन की कार्य-उत्पादकता 111 प्रतिशत रही. सत्र के दौरान 15 बैठकें हुईं. सत्र की कुल बैठक अवधि 92 घंटे और 25 मिनट थी. उन्होंने बताया कि सत्र के दौरान सदन की कार्य-उत्पादकता 111 प्रतिशत रही. लोकसभा सचिवालय ने बताया कि सत्र के दौरान 10 सरकारी विधेयक पुर:स्थापित किए गए.

# युवराज, उर्वशी और सोनू की संपत्ति अटैच

## ऑनलाइन सट्टेबाजी 1× बेट ऐप मामले में ईडी की कार्रवाई

**नई दिल्ली, 19 दिसंबर. ऑनलाइन सट्टेबाजी 1× बेट ऐप मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह और रॉबिन उथप्पा समेत कई बॉलीवुड सेलिब्रिटिज की करोड़ों की संपत्ति जब्त कर ली है.**

1× बेट ऐप मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी ने नए प्रोविजनल अटैचमेंट किए हैं, जिन लोगों की संपत्तियां अटैच की गई हैं, उनमें युवराज सिंह, रॉबिन उथप्पा, उर्वशी रौतेला, सोनू सूद, मिमी चक्रवर्ती, अंकुश हाजरा और नेहा शर्मा के नाम शामिल हैं.



- युवराज सिंह- 2.5 करोड़
- रॉबिन उथप्पा- 8.26 लाख
- उर्वशी रौतेला- 2.02 करोड़
- सोनू सूद- 1 करोड़ रुपये
- मिमी चक्रबर्ती- 59 लाख
- अंकुश हाजरा- 47.20 लाख
- नेहा शर्मा- 1.26 करोड़ रुपये

**ऐसा है एप:** यह जांच कथित अवैध बेटिंग ऐप्स से जुड़ी है, जिन लोगों पर आरोप है कि उन्होंने लोगों और निवेशकों से करोड़ों रुपये की ठगी की है या बड़े पैमाने पर टैक्स की चोरी की है. कंपनी के ग्राहक हजारों खेल आयोजनों पर दांव लगा सकते हैं.

# इंदौर में पारा 4.1 डिग्री दर्ज

**40 साल में सबसे कम तापमान**

नव भारत न्यूज

**इंदौर. इंदौर में इस साल ठंड का वर्षों पुराना रिकॉर्ड टूट रहा है. पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही बर्फबारी का असर है कि रात का तापमान लगातार गिर रहा है. गुरुवार-शुक्रवार की रात इंदौर में 4.1 डिग्री न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया है, जो 1983 के बाद सबसे कम है.**

उत्तरी हवाओं से रात में तीव्र शीतलहर चल रही है. प्रदेश में पचमढ़ी से भी ज्यादा ठंडा इंदौर रहा है. इंदौर प्रदेश में सबसे ठंडे शहरों में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है. शिवपुरी इंदौर से कम 4.0 डिग्री तापमान दर्ज किया गया है.

देखा जाए तो मौसम में लगातार उतार चढ़ाव आ रहे हैं. दिन में तापमान सामान्य है और



रात इतनी ठंडी है कि ठंड सहन नहीं हो रही है.

शुक्रवार को इंदौर में दिन का तापमान 27 डिग्री दर्ज किया गया है, जो सामान्य है. खास बात यह है कि 1983 में इंदौर का न्यूनतम तापमान 3.5 डिग्री दर्ज हुआ था और 1936 में पारा 1.1 डिग्री दर्ज हुआ था. दिन में गर्मी और रात में तीव्र शीतलहर से मौसम विभाग का पूर्वानुमान भी गड़बड़ा गया है. मौसम में असमानता को लेकर सर्दी, खांसी और वायरल फीवर के मरीज बढ़ रहे हैं.

शुक्रवार को प्रदेश में सबसे कम तापमान शिवपुरी 4.0 डिग्री और सबसे ज्यादा तापमान 30 डिग्री नर्मदापुरम का रहा है.

# रायपुर में बिल्डर के ठिकाने पर प्रवर्तन निदेशालय की रेड

- मुंबई-बेंगलुरु समेत जयकॉर्प के 30 ठिकानों पर दबिश
- 2,434 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग केस में हुई जांच

**रायपुर, 19 दिसंबर. जय कॉर्प लिमिटेड के निदेशक आनंद जयकुमार जैन से जुड़े 2 हजार 434 करोड़ की धोखाधड़ी, मनी लॉन्ड्रिंग केस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने देशभर में छापेमारी की है. इनमें रायपुर, मुंबई, नासिक और बेंगलुरु समेत 30 से अधिक ठिकाने शामिल हैं.**

जांच एजेंसी दस्तावेजों और डिजिटल रिकॉर्ड की तलाशी ले रही है. जानकारी के मुताबिक रायपुर के एक बिल्डर के ठिकानों पर ईडी ने छापा मारा है. 2 गाड़ियों में पहुंची ईडी की टीम में 5 अधिकारी और 5 सुरक्षाकर्मी शामिल हैं, जो ऑफिस में जांच के साथ-साथ कर्मचारियों से पूछताछ कर रहे हैं. एजेंसी को शक है कि रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट के नाम पर जुटाया गया पैसा विदेशी कंपनियों को ट्रांसफर किया गया था. एजेंसी संदिग्ध ट्रांजेक्शन, ऑफशोर अकाउंट्स और शेल कंपनियों की कड़ियों को जोड़ने की कोशिश कर रही है. कई कंपनियों और बड़े कारोबारी समूह भी जांच के दायरे में आ सकते हैं.

# बांग्लादेश में हादी की मौत के बाद लोगों ने मचाया उत्पात

- ढाका में प्रदर्शनकारी बुलडोजर लेकर आए

**ढाका, 19 दिसंबर (वार्ता) बांग्लादेश में इंकलाब मंच आंदोलन के एक प्रमुख नेता शरीफ उस्मान हादी की मौत हो गई. इसके बाद आक्रोशित लोगों की भीड़ ने गुरुवार देर रात से शुक्रवार सुबह तक ढाका और कई अन्य शहरों में जमकर उत्पात मचाया और भारतीय उच्चायुक्त कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर भारत विरोधी नारे लगाए.**

हादी को बिजोयनगर इलाके में 12 दिसंबर को एक चुनावी अभियान में हुए हमले में उसके



सिर में गोली लगी थी. वहीं गुरुवार को उनकी मौत हुई. हादी की मौत की खबर फैलते ही समर्थक, कट्टरपंथी छात्र सड़कों पर उतर आए और आगजनी, तोड़फोड़ और लक्षित हमले शुरू कर दिए. आक्रोशित भीड़ ने खुलना और चट्टोग्राम में भारतीय सहायक उच्चायुक्त पर हमला करने की कोशिश की.

# नागपुर में टंकी गिरने से 6 की मौत

- हादसे में 10 से अधिक मजदूर घायल
- प्रेशर की वजह से टंकी फटने की आशंका

**बूटीबोरी/नागपुर, 19 दिसंबर. एमआईडीसी फेज 2 बूटीबोरी में शुक्रवार को सुबह 11 से 11.30 बजे के करीब एक बड़ा हादसा हो गया. यहां स्थित अवादा सोलर प्लांट में एक बड़ी पानी की टंकी अचानक फट गई. देखते ही देखते इसकी जद में वहां पर मौजूद कई मजदूर आ गए. इनमें से 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 3 और की अस्पताल में मौत हो गई.**

इस घटना में 6 मजदूरों की



मौत हो गई वहीं 10 से अधिक लोगों के घायल होने की खबर हैं.

घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर तत्काल स्थानीय पुलिस, दमकलकर्मी और आपातकालीन सेवाएं पहुंच गई और राहत तथा बचाव कार्य में लग गए. युद्ध स्तर पर बचाव कार्य किया गया. पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है. गौरतलब है कि इस हादसे ने आसपास के औद्योगिक क्षेत्र में हलचल मचा दी है.

**आईएएस सर्विस मीट** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की प्रदेश के अफसरों की सराहना

# प्रदेश के प्रशासनिक अधिकारी सम्मान के हकदार

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 19 दिसंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के अफसरों की जमकर तारीफ की है. उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश के अधिकारियों ने केंद्र-राज्यों के साथ समन्वय करते हुए राज्य की बेहतर छवि बनाई है. मध्यप्रदेश एक प्रयोगशाला की तरह है, जहां कई क्षेत्रों में लगातार नवाचार हुए और इनमें से कई नवाचारों को बाद में दूसरे राज्य भी फॉलो करते हैं.**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी योग्यता और अनुभव के महत्व को पहचानते हैं. इसी का नतीजा है कि सेवाकाल के बाद भी कई अधिकारियों के अनुभव का लाभ शासन व्यवस्था को मिल रहा है. परफॉर्मेंस वाले अफसरों को रिटायरमेंट के बाद भी नहीं छोड़ते हैं, उनको अपने साथ जोड़कर रखते हैं. प्रदेश के सभी प्रशासनिक अधिकारी सम्मान के हकदार हैं. प्रसन्नता का विषय है कि सभी अधिकारी एक परिवार की तरह हर कठिनाई से निकलने का मार्ग प्रशस्त करते हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को मप्र आईएएस एसोसिएशन सर्विस मीट-2025 के शुभारंभ अवसर पर प्रशासन अकादमी में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे. इस दौरान सीएम ने कहा कि मैं ये जानता हूं कि आप सभी बेहद तनाव के बीच काम करते हैं. सरकार और नेता तो आते-जाते रहते हैं, लेकिन अफसर वहीं रहते हैं.

# पुतिन की दो टूक : युद्ध रोकने यूक्रेन को जिद छोड़नी होगी

**मास्को, 19 दिसंबर. रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार दोपहर सालाना ऑनलाइन प्रेस कॉन्फ्रेंस की. इस दौरान पुतिन ने यूक्रेन युद्ध पर अपनी पुरानी दलीलें दोहराईं.**

उन्होंने कहा, रूस शांति के रास्ते से युद्ध खत्म करने को तैयार है, लेकिन यूक्रेन को नाटो में शामिल होने की जिद छोड़नी होगी. तभी शांति आएगी. वहीं, यूरोपीय संघ के रूस की संपत्ति जब्त करने के सवाल पर पुतिन ने कहा कि यूरोपीय संघ चोरी नहीं, डकैती कर रहा है. चोरी तो



छिपकर होती है, ये सब खुलेआम हो रहा है, लेकिन रूस अपनी संपत्ति वापस लेकर रहेगा. यह पुतिन का 22वां सालाना संवाद है. इस दौरान उन्होंने आम लोगों और मीडिया के सवालों का जवाब दिया. साथ ही साल 2025 में सरकार के कामकाज और देश से जुड़े बड़े मुद्दों पर अपनी बात रखी.